## ताजमहल के आसपास शॉपिंग सेंटर बनेगा

# बिठूर चमकाने के लिए बजट मंजूर

कानपुर। विश्व के पहले अजूबे ताजमहल के इर्द-गिर्द का माहौल अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का होगा। सैलानियों को रिझाने और उनकी सुविधा को देखते हुए टिकट के विशेष काउंटर बनाए जाएंगे। आसपास बेहतरीन शॉपिंग सेंटर बनेगा। पार्किंग की विशेष व्यवस्था होगी। रिवाइटलेशन आफ ताज एंड विजिटर मैनेजमेंट योजना (पुर्नद्धार) के तहत 9.50 करोड़ का बजट स्वीकृत हो गया है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। साथ ही उन्होंने बताया कि कानपुर के बिठूर को चमकाने का खाका तैयार कर लिया गया है। चार करोड़ से अधिक का बजट भी स्वीकृत हो चुका है। जल्द ही काम शुरू करा दिया जाएगा। यह जानकारी 1982 बैच के आईआईटियन और केन्द्रीय पर्यटन निदेशक देवेश चतुर्वेदी ने दी।

आईआईटी के पूर्व छात्र सम्मेलन में हिस्सा लेने आए निदेशक ने बताया कि वर्ष 2007 में 50 लाख विदेशी पर्यटक भारत आए। इसमें से अधिकतर ने ताज का दीदार किया। इससे 44 हजार करोड़ की विदेशी मुद्रा मिली। इस बार अतुल्य भारत को ब्रांड अंबेसडर बनाया गया है। इसका प्रचार-प्रसार करके विदेशी और स्थानीय पर्यटकों को रिझाने का प्रयास किया जा रहा है। इंग्लैंड और अमेरिका सहित विश्व के सभी देशों में ताजमहल को लेकर क्रेज है। भारत आने वाले पर्यटक आगरा के अजूबे को देखने पहुंचते हैं।